रिहर्सल | पुलिस लाइन ग्राउंड पर गूंजा जय हिंद, फुल ड्रेस रिहर्सल में दिखा गजब का उत्साह

# देश भक्ति के रंग में डूबी संस्कारधानी



**जबलपुर।** भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से आज सुबह पुलिस लाइन ग्राउंड गूंज उठा। दरअसल देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की फाइनल और फुल ड्रेस रिहर्सल हुई। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर देशभक्ति का ऐसा माहौल बना कि वहां हर आंख गर्व से चमक उठीं। सुरक्षा बलों के कदमों की थाप और बैंड की सुरीली धुन ने पूरे वातावरण को राष्ट्रभक्ति के रंग में सरोबार कर दिया।

अपर कलेक्टर रविशंकर राय ने मुख्य अतिथि के रूप में मंच संभाला। उन्होंने गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया। जैसे ही तिरंगा आसमान में लहराया, पूरा ग्राउंड जन-गण-मन के सुरों से सराबोर हो गया। इसके बाद, खुले वाहन में सवार होकर मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया। पुलिस और सुरक्षा बलों की विभिन्न टुकड़ियों ने जब कड़े अनुशासन के साथ कदमताल करते हुए मार्च पास्ट निकाला और मंच को सलामी दी, तो नजारा देखते ही बन रहा था।

### कलेक्टर-एसपी, निगमायुक्त डटे रहे

15 अगस्त के मुख्य आयोजन में कोई भी चूक न हो, इसके लिए जिले के अधिकारी खुद सुबह से ही ग्राउंड पर डटे नजर आए। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, एसपी संपत उपाध्याय और नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार मंच के सामने डटे रहे। अधिकारियों ने रिहर्सल के एक-एक सेकंड की बारीकी से जांच की। सुरक्षा घेरे से लेकर साउंड सिस्टम, वीआईपी सिटिंग अरेंजमेंट और आम जनता की सहूलियत के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### स्कूली बच्चों की प्रस्तुति: बिखरे राष्ट्रभक्ति के रंग

समारोह की सबसे खूबसूरत तस्वीर तब सामने आई जब स्कूली बच्चों ने मैदान संभाला। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे सैकड़ों बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर अपनी अनूठी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं बच्चों के चेहरे की मुस्कान और उनके उत्साह ने रिहर्सल देखने आए लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस रिहर्सल ने साफ कर दिया है कि 15 अगस्त का मुख्य कार्यक्रम बेहद भव्य और ऐतिहासिक होने जा रहा है।



### चारों विधानसभा क्षेत्रों के होकर गुजरी यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के आह्वान पर भाजपा द्वारा जबलपुर महानगर की चारों विधानसभा क्षेत्रों में देशभक्ति से ओतप्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका शुभारंभ उन्होंने शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर किया। इसके पश्चात कटंगा चौक से आद्य शंकराचार्य चौक छोटी लाइन फाटक तक यात्रा निकाली गई, जिसके पूरे मार्ग को सजाया गया था तथा व्यापारियों एवं स्थानीय जनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा के समापन पर सामूहिक वंदे मातरम गायन हुआ। इस अवसर पर राकेश सिंह ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे देश का ध्वज नहीं, बल्कि भारत की आन, बान और शान का प्रतीक है तथा इसका उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम और देशभक्ति की भावना को और अधिक मजबूत करना है। उन्होंने नागरिकों से अपने घरों पर तिरंगा फहराने का आह्वान किया।

# अपील वापस लेने पर एक को राहत नहीं

## हाईकोर्ट ने आजीवन कारावास से दंडित तीन व्यक्तियों को किया दोषमुक्त

**जबलपुर।** हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा से दंडित एक आरोपी को अपील वापस लेने के कारण हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने अपील की सुनवाई के बाद तीन आरोपियों की सजा को निरस्त करते हुए दोषमुक्त कर दिया। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस एक के सिंह ने जेल में दस साल सात माह से निरूध्द अपीलकर्ता को आवश्यकता नही होने पर तत्काल रिहा करने के आदेश जारी किये है।

अभियोजन के अनुसार दमोह जिले के तेजगढ थानान्तर्गत निवासी गोटीराम अहिरवाल ईंटें बनाने का काम करते थे। गोटीराम 31 मार्च 2008 को अपने पड़ोसी परसूराम से उधारी के पांच हजार रूपये मांगने पर उसने अपने साथी दशरथ अहिरवाल, बसोरी अहिरवाल और राजू अहिरवाल ने उस पर कुल्हाड़ी व डंडे से हमला कर दिया। जिसके कारण वह जमीन में गिर गया था। उसके तत्काल राजगढ़ थाने ले जाया गया था। पुलिस ने घायल की रिपोर्ट में एफआईआर दर्ज की उसके उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया था। अस्पताल में उपचार के दौरान घटना के तीन दिन बाद उसकी मौत हो गयी। किसी कारणवश उसके डाइंग डिक्लेरेशन रिकॉर्ड नही किये गये।

युगलपीठ ने सुनवाई के दौरान पाया कि ट्रायल कोर्ट के रिकॉर्ड अनुसार अभियोजन पक्ष का मामला यह है कि जब आरोपियों ने गोटी पर हमला किया तो वह गिर गया और मदद के लिए चिल्लाया। उसकी चिल्लाने की आवाज सुनकर लोग एकत्रित हुए थे। गोटीराम की चीख सुनकर घटनास्थल पर आने वाले सभी लोगों को हमले का असली चश्मदीद गवाह नहीं माना जा सकता। ऐसे गवाह का घर घटना स्थल से लगभग 50 से 60 फीट दूर था। मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार जब घायल व्यक्ति को उपचार के लिए लाया गया वह बोलने की स्थिति में परंतु यह नहीं लिखा है कि मरीज होश में था। उसका ब्लड प्रेशर और दिल की धड़कन रिकॉर्ड नही की गयी। एमएलसी रिपोर्ट के अनुसार उसके डाइंग डिक्लेरेशन का इंतजाम करने की सलाह दी गई थी। आम तौर पर ऐसा तब किया जाता है जब मरीज की हालत बहुत गंभीर हो और उसके अधिक समय तक जीवित रहने की उम्मीद नही होती है। जिसके कारण इस बात पर गंभीर संदेह पैदा होता है कि वह होश में था और बोलने की हालत में था। पुलिस के द्वारा अस्पताल में धारा 161 के तहत बयान दर्ज करने से पहले प्रभारी डॉक्टर से कोई प्रमाण-पत्र नहीं लिया गया। जिससे उसकी बयान देने की उचित चिकित्सीय स्थिति ज्ञात हो सके।

पुलिस के द्वारा कार्यकारी मजिस्ट्रेट से मरणासन्न बयान दर्ज कराने का कोई प्रयास किया। पुलिस के द्वारा आरोपियो से जब्त हथियार को पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर व ट्रायल कोर्ट के समक्ष पेष नही किया गया। मेडिकल रिपोर्ट में मौत का कारण अधिक खून बहने के कारण दिल की धड़कन का अचानक रुकना बताया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार मृतक के सिर पर कोई चोट नहीं मिली। गाल और छाती में आई चोट किसी कठोर सतह पर गिरने या उससे टकराने से लग सकती थी। किसी कठोर और धारदार चीज से लगी कोई चोट नहीं मिली। मेडिकल रिपोर्ट में उसके सिर में चोट का उल्लेख किया गया है। हाईकोर्ट में दायर अपील परशुराम की तरफ से 8 अप्रैल 2025 अपील वापस ले ली गयी थी। जिसके कारण युगलपीठ ने सिर्फ तीन अपीलकर्ताओ की अपील की सुनवाई करते हुए उनके पक्ष में राहतकारी आदेश जारी किये । युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि अभियोजन पक्ष अपीलकर्ताओं के खिलाफ आरोप साबित करने में नाकाम रहा है। युगलपीठ ने अपीलकर्ता दशरथ के विगत दस साल 7 माह से जेल में है। किसी अन्य मामले में आवश्यकता नही होने पर उसे तत्काल रिहा करने के आदेश जारी किये है।

# एसटीएफ एसपी एवी सिंह को मिलेगा राष्ट्रपति पदक

**जबलपुर ।** एसटीएफ जबलपुर के पुलिस अधीक्षक ए.वी. सिंह को देश के सर्वोच्च पुलिस सम्मानों में से एक राष्ट्रपति पदक के लिए चुना गया है। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राजधानी भोपाल के लाल परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने हाथों से एसपी ए.वी. सिंह को यह मेडल प्रदान करेंगे। एसपी ए.वी. सिंह को यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान मध्य प्रदेश पुलिस सेवा में उनकी उत्कृष्ट कार्यशैली, अटूट कर्तव्यनिष्ठा और सराहनीय सेवाओं के लिए दिया जा रहा है।

### 47 लोगों को किया जाएगा सम्मानित

उन्होंने संगठित अपराधों को नेस्तनाबूद करने और कई पेचीदा व संवेदनशील मामलों का पर्दाफाश करने में महत्वपूर्ण और साहसिक भूमिका निभाई है। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक मौके पर मध्य प्रदेश पुलिसके कुल 47 अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके शौर्य, विशिष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए राष्ट्रपति मेडल से सम्मानित किया जा रहा है। एसपी ए.वी. सिंह को राष्ट्रपति पदक मिलने की खबर से पुलिस, एसटीएफ विंग और उनके शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।

# पावर जनरेटिंग कंपनी के 101 कार्मिकों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**नवभारत, जबलपुर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देश और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को एक सार्थक पहल में बदलते हुए मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रामपुर स्थित एमपी पॉवर मैनेजमेंट कंपनी चिकित्सालय में आयोजित इस शिविर में पावर जनरेटिंग कंपनी के 101 कार्मिकों ने रक्तदान कर अपना योगदान दिया, जिसका नेतृत्व स्वयं प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने रक्तदान करके किया। उनके साथ डायरेक्टर कॉमर्शियल मिलिन्द भान्दक्कर और कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन दीपक कश्यप सहित वरिष्ठ अभियंताओं एवं कार्मिकों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस अवसर पर मनजीत सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी की पहचान केवल विद्युत उत्पादन और कार्यक्षमता के लिए नहीं, बल्कि उद्देश्यपूर्ण पहल में आगे बढ़कर सामाजिक योगदान देने वाली कंपनी के रूप में भी है, जिसकी इतनी बड़ी संख्या में भागीदारी यह दर्शाती है कि कंपनी में सामाजिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता और सेवा की भावना मजबूत है।

# मानव तस्करी रोकने पुलिस, प्रशासन व समाज की भागीदारी जरूरी

**मानव तस्करी एवं न्यूनतम मजदूरी पर जागरूकता कार्यशाला**



**जबलपुर।** मानव तस्करी की रोकथाम, श्रमिकों के अधिकारों एवं न्यूनतम मजदूरी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक आशीष जैन ने मानव तस्करी के विभिन्न स्वरूपों, इसके सामाजिक दुष्परिणामों तथा इससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी देते हुये कहा कि मानव तस्करी एक गंभीर अपराध है और इसकी रोकथाम के लिए पुलिस, प्रशासन व समाज की संयुक्त भागीदारी आवश्यक है। आईजेएम की टीम ने उपस्थित लोगों को मानव तस्करी की पहचान, संदिग्ध परिस्थितियों में सतर्क रहने तथा पीड़ितों की सहायता एवं सुरक्षित बचाव की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। टीम ने कहा कि लोगों को जागरूक करें कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस एवं संबंधित विभाग को दें। श्रम निरीक्षक बलराम सिंह ने श्रम कानूनों, न्यूनतम मजदूरी, बाल श्रम निषेध तथा श्रमिकों के अधिकारों पर विस्तार से जानकारी दी। न्यूनतम मजदूरी का भुगतान न करना कानूनन अपराध है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाती है।

कार्यशाला में उपस्थित सभी ने मानव तस्करी एवं श्रमिक शोषण की रोकथाम के लिए जनजागरूकता बढ़ाने तथा कानून का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ आशीष जैन, आईजेएम की टीम, प्रदीन संस्था, श्रम निरीक्षक बलराम सिंह तथा जिले के सभी थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

### एक नजर में

### ननि सफाई कर्मचारी पर हमला

**जबलपुर ।** घमापुर थाने में करन पासी निवासी कांचघर नई बस्ती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि नगर निगम में सफाई कर्मी है। काम से एक्सिस से घर लौट रहा था रास्ते में कांचघर, हनुमान टोरिया, पानी की टंकी के पास उसे संजय उर्फ चाबा मिला जिसने उसे रोका और बिना कारण उसके साथ झूमाझपटी कर डंडा से हमलाकर सिर, कान के पस भोंह के पास, हाथ में चोट पहुँचा दी।

### युवक को पीटा, चैन मोबाइल लूटा

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाने में शरद चौधरी निवासी ग्राम कुंगवा धनवंतरीनगर संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अंधमूक वायपास हनुमान मंदिर के पास मोहित चोधरी अपने अन्य 2 साथियों के साथ शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट कर जमीन पर पटक दिये झूमाझपटी में उसकी चांदी की चैन व मोबाइल गिर गया था जो मोहित ने रख लिया था।

### एचबी महाविद्यालय में होगी मानस गान प्रतियोगिता

**नवभारत, जबलपुर।** एचबी महाविद्यालय, तुलसी मानस प्रचार समिति एवं विप्रकुल परिषद के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन आज सुबह 11 बजे से एचबी महाविद्यालय, विजयनगर में किया गया है। इसके लिए महिला मंडली, पुरुष मंडली एवं बाल मंडली के लिए पृथक-पृथक पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। समारोह की प्रधान संयोजक दुर्गा चौबे हैं तथा महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज, आचार्य भगवत दुबे, डॉक्टर कैलाश गुप्ता और अशोक मनोध्या अतिथि होंगे। समिति प्रभारी के.एल. चोपड़ा, राजेश पाठक 'प्रवीण', डॉ. पुनीत शुक्ला एवं डॉ. दिव्या चौबे ने बताया कि प्रत्येक मंडली को मानस गान की प्रस्तुति के लिए अधिकतम 10 मिनट का समय दिया जाएगा।

# एएलपी सीधे बन सकेंगे गुड्स लोको पायलट, यूनियन के प्रयास सफल

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेलवे के तीनों मंडलों जबलपुर, कोटा और भोपाल में रनिंग स्टाफ को बुधवार को वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) के प्रयास से बड़ी सफलता मिली, जब महाप्रबंधक ने गुड्स लोको पायलट पदोन्नति हेतु 923 कर्मचारियों को पदोन्नत करने हेतु अनुमोदन प्रदान कर दिया।। पूरे पश्चिम मध्य रेलवे में गुड्स लोको पायलट की कमी के कारण रेल संचालन लगातार प्रभावित हो रहा था और स्टाफ भी लगातार परेशान था, जिसके कारण यूनियन गुड्स लोको पायलट के पदों को भरवाने हेतु लगातार मुख्यालय स्तर पर प्रयासरत थी। विगत सप्ताह यूनियन के महामंत्री कॉम मुकेश गालव ने जबलपुर में मुख्यालय अधिकारियों और इससे पूर्व महाप्रबंधक से वार्ता के दौरान इस विषय को प्रमुखता से रखा था, जिस पर कार्यवाही करते हुए आज मुख्यालय ने इसके आदेश जारी कर दिए। आदेशों के अनुसार अब पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने तीनों मंडलों में ऐसे शंटर जिनकी सेवा इस पद पर तीन माह से कम है और ऐसे वरिष्ठ सहायक लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट जिनकी सेवा इस पद पर दो वर्ष से अधिक की हो चुकी है और जिन्हें 60000 किमी वास्तविक गाड़ी संचालन का फुटप्लेटिंग अनुभव प्राप्त है, उन्हें सीधे गुड्स लोको पायलट के पद पर रिक्तियों के आधार पर पदोन्नत करने हेतु नियमानुसार अनुमोदन प्रदान कर दिया है।

### इतनी हुई पदोन्नति

इस अनुमोदन के पश्चात जबलपुर में 410, भोपाल में 313 और कोटा में 200 सहित कुल 923 ऐसे कर्मचारी उपलब्ध रिक्तियों के आधार पर पदोन्नत किए जा सकते हैं। साथ ही यूनियन की मांग पर पूर्व में जारी मंडलों में लोको पायलट और सहायक लोको पायलट के 1.1:1.0 को नियत रखने की शर्त भी हटा ली गई है। इन आदेशों के जारी होने से समस्त रनिंग स्टाफ में खुशी की लहर है और उन्होंने खुले मन से इस विषय पर सफलता हेतु यूनियन के महामंत्री कॉम मुकेश गालव और यूनियन का आभार व्यक्त करते हुए हर्ष जताया है।



# नवनिर्मित सुलभ कॉम्प्लेक्स में भ्रष्टाचार का आरोप

**कांग्रेस कमेटी ने निगम आयुक्त से की जांच की मांग**

**जबलपुर।** गंजीपुरा मोड़ पर विधायक मद के करीब 25 लाख रुपये खर्च कर बनवाए गए सुलभ शौचालय में छज्जा गिरने के मामले को लेकर गुरुवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांत जैन,गोलू के नेतृत्व में कमेटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने नगर निगम पहुंचकर आयुक्त के नाम सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नगर निगम प्रशासन को सौंपा है।

ज्ञापन में निगम आयुक्त से मांग की गई है कि सुलभ शौचालय निर्माण कार्य में बरती गई अनियमितताओं, निर्माण की गुणवत्ता, इसकी लागत और तकनीकी मानकों की निष्पक्ष व स्वतंत्र जांच करवाई जाए। इस हेतु आयुक्त अविलंब जांच आदेश जारी करें।

मौलाना अबुल कलाम आजाद ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांत जैन, गोलू ने कहा कि उन कारणों व दोषियों को सामने लाया जाए जिनकी लापरवाही, अनदेखी और भ्रष्टाचार के कारण 25 लाख की सरकारी लागत से बनाया गया सुलभ शौचालय भव्य लोकार्पण के बाद 25 दिन भी सलामत ना रह सका। इस निर्माण की कुल लागत तथा ठेकेदार को भुगतान की विशेष जांच करवाई जाए एवं टेंडर अनुमानित लागत के साथ ही ठेका अनुबंध की कॉपी सार्वजनिक की जाए।

# मौसमी बीमारियों की रोकने फॉगिंग और कीटनाशक का छिड़काव



**जबलपुर।** नागरिकों के स्वास्थ्य को सर्वोपरि रखते हुए नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता और स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के दिशा-निर्देशों के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में मच्छरों के प्रकोप को प्रभावी रूप से कम करने के लिए लगातार कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। संभावित खतरों को समय रहते रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें प्रभावित क्षेत्रों के साथ-साथ अन्य सभी वार्डों का भी लगातार सूक्ष्म निरीक्षण कर रही हैं। समुदाय में स्वास्थ्य सुरक्षा को लेकर समझ बढ़ाने के लिए नागरिकों और व्यापारियों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इस वृहद अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारियों, स्वच्छता निरीक्षकों और जिला चिकित्सालय की मलेरिया शाखा के बीच तालमेल स्थापित किया गया है।

### भाजपा आज निकालेगी मौन जुलूस

**नवभारत, जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा आज 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस एवं विभाजन की विभीषिका के संस्मरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि मौन जुलूस शाम 4 बजे मालवीय चौक से प्रारंभ होकर इच्छाधारी लस्सी, खंडेलवाल फर्नीचर के सामने से, प्रभु बंदना से माता गुजरी कॉलेज से होकर वंदेमातरम चौक पर समाप्त होगा, जहाँ वंदे मातरम चौक स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल भवन में विभाजन विभीषिका दिवस पर प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा और साथ ही विभाजन विभीषिका से पीड़ित परिवारों का सम्मान किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व 14 अगस्त को सुबह 9 बजे से जबलपुर महानगर के प्रत्येक मंडल में स्थित शहीदों के स्मारकों पर माल्यार्पण कर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस मौन जुलूस एवं संगोष्ठी में समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से उपस्थिति की अपील अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने की है।

जनविश्वास अभियान | प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रियता से नागरिकों में बढ़ा प्रशासन के प्रति विश्वास

# द्वार-द्वार पहुंच रहा प्रशासन, मौके पर हो रहा है समस्याओं का समाधान



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत आम नागरिकों को त्वरित राहत पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन और नगर निगम पूरी तरह मैदान में उतर आया है। नागरिकों की समस्याओं को उनके घर-आँगन तक जाकर सुनने और उनका त्वरित समाधान करने के लिए प्रशासनिक अधिकारी खुद द्वार-द्वार दस्तक दे रहे हैं।

इस संवेदनशील और सक्रिय रवैये से नागरिकों में सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। अभियान के तहत सफाई, जल, लोककर्म, प्रकाश और योजना विभाग से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कर नागरिकों और हितग्राहियों को सीधा लाभ पहुँचाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन में दर्ज लंबित शिकायतों का मौके पर ही संतुष्टिपूर्ण निराकरण किया गया। शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 105 हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। बस्तियों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया, नए नल कनेक्शन दिए गए, तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सघन छिड़काव किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के साथ अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, व्ही.एन. बाजपेयी, अशफाक परवेज कुरैशी, सौरभ मिश्रा, अंजू सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, अंकिता जैन, शिवांगी महाजन, वेदप्रकाश चैधरी, सहायक आयुक्त कामिनी लिल्हारे के साथ कार्यपालन यंत्री नवीन लोनारे, जी.एस. मरावी, शैलेन्द्र कौरव, जागेन्द्र सिंह, एवं सभी विभागीय प्रमुखों, संभागीय अधिकारियों, संभागीय यंत्रियों आदि ने पैदल भ्रमण कर नागरिकों से संवाद किया और मौके पर ही उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

# स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**नवभारत, जबलपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन ने गुरुवार को जिला कलेक्टर को अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से 15 अगस्त पर उत्तराधिकारियों का होने वाला प्रशासनिक सम्मान बंद कर दिया गया है, जिससे वंशजों में गहरा रोष है। उन्होंने आरोप लगाया कि आजादी की लड़ाई में योगदान न देने वाले लोकतंत्र सेनानियों (मीसा बंदियों) को बुलाकर सम्मानित किया जा रहा है, जबकि वास्तविक सेनानियों के परिवारों की उपेक्षा की जा रही है। इस अवसर पर शहर जिला अध्यक्ष राजेन्द्र रज्जू सराफ, ग्रामीण अध्यक्ष नारायण शर्मा, प्रदेश सचिव निर्मलचंद जैन, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज नामदेव, संगठन मंत्री पवन बमबम सोनी, प्रकाशचंद गोल्छा, जिला प्रभारी केशव प्रसाद चौरसिया, आशा



मालवीय, अशोक यादव, विष्णु विनोदिया, आशीष व्यास, ओम प्रकाश शर्मा, श्याम सोलंकी, अनिकेश गुप्ता, अंकित नीखरा, हनुमंत राव, अरुण राजनेकर, एस.के. चौटेले और ओम प्रकाश जायसवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### वंशज देंगे क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि

संगठन द्वारा आज 14 अगस्त को सुबह 9.30 बजे बड़े फुहारा घमंडी चौक पर एक विशेष कार्यक्रम रखा गया है। इसमें सभी उत्तराधिकारी वंशज एकत्रित होकर महान क्रांतिकारी छात्र गुलाब सिंह पटेल को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। संगठन ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।